# नंदीशाला व कान्हा गोशाला का किया निरीक्षण

संदेश वाहक न्यूज

**शाहजहांपुर।** नगर आयुक्त ने नगर क्षेत्र के सिंचाई विभाग स्थित नंदीशाला व मघई टोला स्थित कान्हा गौशाला में सफाई व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, प्रकाश व्यवस्था व चारा, भूसा आदि की व्यवस्था का निरीक्षण किया गया।

नंदीशाला के उचित रखरखाव हेतु नियमित रुप से सफाई का कार्य कराया जाये, जिससे नंदीशाला व कान्हा गौशाला को और अधिक साफ एवं स्वच्छ बनाया जा सके। नंदीशाला व कान्हा गौशाला से ट्रैक्टर व ट्राली के माध्यम से गोबर को न्यू सिटी (ककरा) में बने डेयरी वेस्ट में नियमित रुप से पहुंचाए जाने के निर्देश संबन्धित अधिकारियों व कर्मचारियों को दिये गये। जिससे डेयरी वेस्ट में गोबर से अन्य उपयोगी उत्पादों का सृजन किया जा सके। गोबर से बने उत्पादों से नगर निगम की आय का साधन भी बनेगा साथ ही आम जनता के लिए उचित सस्ते दामों में उपयोगी वस्तुएं भी मुहैया हो सकेंगी। साथ ही गौशाला में स्वच्छता का वातावरण बना रहेगा जिससे वातावरण प्रदूषणमुक्त रहेगा। निरीक्षण के समय सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता व अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



*गोशालाओं का निरीक्षण करते हुए नगर आयुक्त संतोष शर्मा।*

**निर्देश**

- **नंदीशाला के उचित रखरखाव के लिए नियमित रूप से सफाई का कराया जाए कार्य**